# प्राणिविज्ञान / ZOOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
*Time allowed : Three Hours*

अधिकतम अंक : 250
*Maximum Marks : 250*

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ भी आवश्यक समझा जाए, वहाँ अपने उत्तरों को उपयुक्त रेखाचित्रों एवं आरेखों सहित स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in two **SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH.***

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches and diagrams, wherever considered necessary.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.*

---

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

(a) कशेरुकियों में पादीय तंत्र बनाम प्रमस्तिष्कीय गोलार्ध के समानुपात में विकासात्मक परिवर्तन पर टिप्पणी कीजिए ।

(b) सर्केडियन और सर्कैनयुअल लय क्या होती है ? इन लयों पर बहिर्जात चक्रों के प्रभाव पर संक्षेप में चर्चा कीजिए ।

(c) *हीरुडिनेरिया* में चलन का वर्णन कीजिए ।

(d) *पेरिप्लैनेटा अमेरिकाना* में आहार नाल और लार उपकरण का एक नामांकित आरेख बनाइए ।

(e) मेंढक *या* नेक्ट्यूरस में कंठिका उपकरण का वर्णन कीजिए ।

Answer the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) Comment on the evolutionary change in the proportion of limbic system versus cerebral hemisphere in vertebrates. *10*

(b) What is circadian and circannual rhythm ? Discuss briefly the influence of exogenous cycles on these rhythms. *10*

(c) Describe locomotion in *Hirudinaria*. *10*

(d) Draw a labelled diagram of alimentary canal and salivary apparatus in *Periplaneta americana*. *10*

(e) Describe hyoid apparatus in Frog *or* Necturus. *10*

**Q2.** (a) स्तनीय पीयूषिका में तंत्रिका-अंतःस्रावी परस्पर-संबंध की प्रकार्यात्मक शरीर-रचना का वर्णन कीजिए । हाइपोथैलेमिक और हाइपोफिसियल हॉर्मोनों के नाम ऐसे सारणी रूपों में बताइए, जिनमें उनके प्रकार्यात्मक संबंध को दर्शाया गया हो । *केवल* आरेख की सहायता से, एच.पी.जी. अक्ष में पुनर्निवेश यांत्रिकत्व को स्पष्ट कीजिए ।

(b) 'ऐम्फिबिया' में पैतृक देखभाल का एक विवरण लिखिए ।

(a) Describe the functional anatomy of neuro-endocrine inter-relationship in mammalian hypophysis. Name hypothalamic and hypophyseal hormones in the tabular form showing their functional relationship. With the help of the diagram *only*, explain feedback mechanism in the HPG axis. *25*

(b) Write an account of parental care in Amphibia. *25*

**Q3.** (a) तुलनात्मक चार्ट के माध्यम से, डॉगफिश, मेंढक, छिपकली, कबूतर और खरगोश जैसे नर कशेरुकी प्राणी प्रकारों में सहायक लिंग ग्रंथियों का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

(b) पोरिफेरा में नाल-तंत्र का एक विशद विवरण प्रस्तुत कीजिए और कंटिकाओं के वर्गिकीय महत्त्व पर चर्चा कीजिए ।

(a) Through a comparative chart, give an account of accessory sex glands in the male vertebrate animal types such as dogfish, frog, lizard, pigeon and rabbit. *25*

(b) Give an elaborate account of canal system in Porifera and discuss the taxonomic importance of spicules. *25*

**Q4.** (a) प्रवाल भित्तियों, उनके संघटक कोष्ठों और महत्त्व का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

(b) *टीनिया सोलियम* के जीवन चक्र का केवल नामांकित आरेख के माध्यम से वर्णन कीजिए और उसके परजीवी अनुकूलनों पर चर्चा कीजिए ।

(a) Give an account of coral reefs, their constituent compartments and significance. *25*

(b) Describe the life cycle of *Taenia solium* through a labelled diagram only and discuss its parasitic adaptations. *25*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

(a) संयुक्त सूक्ष्मदर्शी का इस्तेमाल करते समय, आप कैसे पता लगाएँगे कि आप किसी वस्तु का कितना आवर्धन कर रहे हैं ? एक आरेख के माध्यम से निम्न और उच्च शक्तियों के अधीन आपेक्षिक कार्यकारी दूरी दर्शाइए ।

(b) 'अंतर्दृष्टि' की परिभाषा दीजिए । चिम्पैन्ज़ियों के उदाहरण का इस्तेमाल करते हुए इस व्यवहार को स्पष्ट कीजिए ।

(c) विधि जैव-प्रौद्योगिकी से क्या तात्पर्य है ? उसके महत्त्व पर चर्चा कीजिए ।

(d) T-व्यूह के इस्तेमाल से प्राणी व्यवहार के अध्ययन की विधि का वर्णन कीजिए ।

(e) नामांकित आरेख के द्वारा, *बॉम्बिक्स मोराई* के जीवन-वृत्त की अवस्थाएँ दर्शाइए ।

*10×5=50*

Answer the following in about 150 words each :

(a) While using a compound microscope, how will you know how much you are magnifying an object ? Through a diagram show the relative working distance under low and high powers. *10*

(b) Define 'insight'. Explain this behaviour using the example of Chimpanzees. *10*

(c) What is forensic biotechnology ? Discuss its significance. *10*

(d) Describe the method of studying animal behaviour using T-maze. *10*

(e) Through a labelled diagram, show the stages of life-history of *Bombyx mori*. *10*

**Q6.** (a) कार्बन चक्र का वर्णन कीजिए और उसकी विलक्षणताओं पर चर्चा कीजिए । मानवीय क्रियाकलाप कार्बन चक्र में किस प्रकार बाधा डालते हैं ?

(b) पारिस्थितिक तंत्र की परिभाषा दीजिए । पारिस्थितिक तंत्र की गतिकी पर और उस पर प्रभाव डालने वाले कारकों पर चर्चा कीजिए ।

(a) Describe the carbon cycle and discuss its peculiarities. How do human activities interfere with the carbon cycle ? *25*

(b) Define ecosystem. Discuss the dynamics of the ecosystem and the factors influencing it. *25*

**Q7.** (a) संक्षेप में बताइए कि जीवोम, ईकोटोन और पारिस्थितिक अनुक्रम क्या होते हैं । प्रकृति में पारिस्थितिक अनुक्रम के कारणों, प्रवृत्तियों और सामान्य प्रक्रम का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

(b) फाइलेरियता से क्या तात्पर्य है ? फाइलेरियाई (सूत्राभ) कृमि की संरचना और जीवन-वृत्त पर चर्चा कीजिए । उसके रोगजनक पक्षों और निरोधक उपायों पर प्रकाश डालिए ।

(a) State briefly what are biomes, ecotones and ecological succession. Give an account of the causes, trends and general process of ecological succession in nature. *25*

(b) What is filariasis ? Discuss the structure and life-history of filarial worm. Highlight its pathogenic aspects and preventive measures. *25*

**Q8.** (a) स्पेक्ट्रमी प्रकाशमिति का सिद्धांत क्या है ? स्पेक्ट्रमी प्रकाशमापी के यंत्रसमुच्चय और उसके अनुप्रयोग के ब्योरों पर चर्चा कीजिए । स्पेक्ट्रम प्रकाशमापी आमापन और ऐलिसा के साझे अभिलक्षण, यदि कोई हो, पर टिप्पणी कीजिए ।

(b) चार मानव आनुवंशिक रोगों के नाम बताइए । मानव जीनोम अनुसंधान और उसके अनुप्रयोगों का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

(a) What is the principle of spectrophotometry ? Discuss the details of instrumentation and application of spectrophotometer. Comment upon the common feature of spectrophotometric assay and ELISA, if any. *25*

(b) Name four human genetic diseases. Give an account of human genome research and its applications. *25*